**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1225**

**गुरुवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक)**

**देश में बेरोजगारी से संबंधित सर्वेक्षण**

**1225. श्री नीरज डांगी:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा देश में लगातार बढ़ रही बेरोजगारी को कम करने के लिए लागू की जा रहीं योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या विगत एक वर्ष के दौरान रोजगार के अवसर कम हुए है और बेरोजगारी का प्रतिशत बढ़ा है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या वर्तमान में देश में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों और उनके रोजगार की स्थिति के संबंध में कोई सर्वेक्षण किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो वर्तमान में ऐसे मजदूरों का राज्यवार और जिलावार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा करंदलाजे)**

(क) से (घ): नियोजनीयता में सुधार करते हुए रोजगार का सृजन करना सरकार की प्राथमिकता रही है। तदनुसार, भारत सरकार ने देश में रोजगार सृजन करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय/विभाग जैसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय आदि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), ग्रामीण स्वरोजगार और प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई), दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम), प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन, आदि विभिन्न रोजगार सृजन योजनाएं कार्यान्वित कर रही हैं। भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न रोजगार सृजन योजनाओं/कार्यक्रमों का ब्यौरा https://dge.gov.in/dge/schemes_programmes पर देखा जा सकता है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि, प्रति वर्ष जुलाई से जून तक होती है। नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, 2020-21 से 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के

व्यक्तियों के लिए अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और बेरोजगारी दर (यूआर) निम्नानुसार है:

| वर्ष | डब्ल्यूपीआर (%) | यूआर (%) |
|---|---|---|
| 2020-21 | 52.6 | 4.2 |
| 2021-22 | 52.9 | 4.1 |
| 2022-23 | 56.0 | 3.2 |

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

उपरोक्त आंकड़े दर्शाते हैं कि देश में डब्ल्यूपीआर यानी रोजगार में बढ़ोतरी का रुझान है और पिछले कुछ वर्षों में बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति है।

अनिगमित क्षेत्र उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई), जो सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा संचालित किया जाता है, में विशेष रूप से विनिर्माण, व्यापार और अन्य सेवा क्षेत्र में अनिगमित गैर-कृषि प्रतिष्ठानों की विभिन्न आर्थिक और परिचालन विशेषताओं को मापा जाता है। विनिर्माण क्षेत्र सहित अनिगमित, गैर-कृषि उद्यमों में कामगारों की संख्या (राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार) के ब्यौरे के साथ रिपोर्ट https://www.mospi.gov.in/sites/default/files/publication_reports/ASUSE_2022_23_Report_Final.pdf. पर उपलब्ध है।

*****